अपोलो कॉलेज अंजोरा दुर्ग (छ.ग.)
IQAC

## बैठक क्रमांक - (9)

अपोलो महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में दिनांक 08/05/2018, दिन मंगलवार, दोपहर 2:00 बजे से आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्न सदस्यों की उपस्थिति रही।

| क्र० | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० अनघा आगाशे | प्राचार्य<br>अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०) | Anagha |
| 2. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्पलॉयर<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 4. | श्रीमती बी० पॉल | प्राचार्य<br>शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, धनौद, दुर्ग (छ०ग०) | [signature] Principal L. Sharma Govt. H.S. ...d, Dist-Durg (C |
| 5. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो कॉलेज | Nidhi |
| 6. | श्रीमती शीतल वर्मा | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 7. | पल्लवी सिंह | भूतपूर्व छात्रा (एलुमनी) | [signature] |
| 8. | श्रीमती संगीता श्रीवास्तव | एम० एस० छात्रा<br>अपोलो महाविद्यालय | Sangita [signature] |

| | | |
|---|---|---|
| 9. निकिता सरदार | बी०एड० छात्रा अपोलो महाविद्यालय | (हस्ताक्षर) |
| 10. शुभम | डी०एल०एड० छात्र अपोलो महाविद्यालय | Shubham |
| 11. राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक अपोलो महाविद्यालय | (हस्ताक्षर) 08.05.18 |
| 12. श्री सतीश कुमार कसार | प्रशासनिक अधिकारी अपोलो महाविद्यालय | (हस्ताक्षर) |

बैठक में चर्चा उपरान्त निम्न तथ्यों पर निर्णय लिये गये। —

1. अध्यक्ष द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृतान्त की समीक्षा कर सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि कार्यसूची में सम्मिलित समस्त कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण किये जा चुके हैं।

2. महाविद्यालय में 05 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाए तथा इस दिन पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता हेतु वृक्षारोपण, रैली व स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा दुर्ग सांसद माननीय श्री ताम्रध्वज साहू जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की।

3. महाविद्यालय में अध्ययनरत एम०एड० शोधार्थियों के लिए शोध कार्यप्रणाली विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जाये, जिसके लिए अध्यक्ष द्वारा श्रीमती नम्रता बुलदेव, सहायक प्राध्यापक, श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय, राजनांदगांव को आमंत्रित किये जाने के सुझाव पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। इसके साथ ही एम०एड० शोधार्थियों को

लघुशोध प्रबंध में होने वाली समस्याओं के समाधान तथा व्यवहारिक परीक्षा की तैयारी हेतु डॉ. पी. के. श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त प्राचार्य, आर्मी इन्सटीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पठानकोट, पंजाब और डॉ. पुष्पलता शर्मा, सहा. प्राध्यापक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) को आमंत्रित किये जाने के सुझाव को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

4. अपोलो ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन के सभी विद्यार्थियों, शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए महाविद्यालय परिसर में 21 जून को 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन किया जाये।

5. महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) में 12(B) के तहत् शामिल किये जाने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा माँगी गयी जानकारी में महाविद्यालय को दुर्ग विश्वविद्यालय से प्राप्त स्थायी सम्बद्धता का पत्र प्रेषित किया गया था। चूँकि दुर्ग विश्वविद्यालय यू.जी.सी. की धारा 12(B) के अन्तर्गत नहीं है, अतः महाविद्यालय को भी यू.जी.सी. अधिनियम धारा 12(B) के तहत् शामिल नहीं किया जा सकता (यू.जी.सी. के द्वारा दिये गये जवाब पत्रानुसार)

6. महाविद्यालय के चतुर्थ सेमेस्टर के बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों एवं एम.एड. शोधार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु प्लेसमेन्ट का आयोजन किया जाए, जिसके लिए दुर्ग, भिलाई और राजनांदगाँव जिले की शालाओं एवं महाविद्यालय को आमंत्रित किया जाए।

7. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

(i) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में ग्राम

अंजोरा में स्वच्छता अभियान के तहत गाँव की साफ-सफाई, स्वच्छता जागरूकता रैली, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सेक्टर-9, भिलाई अस्पताल और अपोलो महाविद्यालय की साफ-सफाई, भाषण, नारा लेखन व पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

(ii) जन सुनवाई फाउंडेशन युवा पंचायत, दुर्गुण रहित दुर्ग कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रोगों, नशा, दुर्गुणों से बचने हेतु सी.एस.पी. श्री भोजराम पटेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी, न्यायाधीश सुश्री स्मिता रत्नावली, तथा श्री संजय मिश्रा जी को आमंत्रित कर व्याख्यान प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

(iii) महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों हेतु 'नेत्र परीक्षण शिविर' का आयोजन किया जाए, जिसके लिए नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अमित जसानी जी को आमंत्रित किये जाने के सुझाव को सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की।

(iv) नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में फल-फूलदार एवं औषधीय पौधे रोपे जाएं।

(v) आगामी सत्र हेतु अकादमिक कैलेण्डर की योजना सत्र प्रारंभ होने से पूर्व बना ली जाए एवं मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम की निरंतरता को बनाए रखा जाए।

Rakhi (signature) — Angha (signature)

समन्वयक
राखी शर्मा
सहायक प्राध्यापक
अपोलो महाविद्यालय
**IQAC Coordinator**
**Apollo College, Anjora**
**Durg (C.G.)**

**PRINCIPAL**
**APOLLO COLLEGE**
**ANJORA, DURG**
डॉ. अनघा आगाशे

## बैठक क्रमांक (10)

२४ सितम्बर २०18, सोमवार को अपोलो महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गयी, जिसमें आप सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। –

| क्रमांक | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | डॉ० सिद्धार्थ जैन | प्राचार्य<br>अपोलो महाविद्यालय<br>अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०) | [signature] |
| 2. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्लॉयर<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 4. | श्रीमती बी० पॉल | प्राचार्य<br>शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, धनौद, दुर्ग (छ०ग०) | [signature] Principal L.L. Sharma Govt. H.S Thanaud, Dist-Durg (C.G.) |
| 5. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो महाविद्यालय | Nidhi |
| 6. | डॉ० रजत जैन | अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 7. | श्रीमती शीतल वर्मा | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | श्रीमती संगीता श्रीवास्तव | एम० एड० शोधार्थी अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 9. | निकिता सरदार | बी० एड० प्रशिक्षणार्थी अपोलो महाविद्यालय | Sardar |
| 10. | शुभम | डी० एल० एड० प्रशिक्षणार्थी अपोलो महाविद्यालय | Shubham |
| 11. | श्री सतीश कुमार कसार | प्रशासनिक अधिकारी अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 12. | संजय वैष्णव | एलुमनी | [signature] |
| 13. | राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक अपोलो महाविद्यालय | Rakhi |

बैठक में चर्चा उपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं पर निर्णय लिये गये -

(1) अध्यक्ष द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृतान्त की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी एवं समस्त सदस्यों को पिछली बैठक में प्रस्तावित सभी कार्यों के सम्पादित होने की जानकारी दी गयी।

(2) दुर्ग जिला चुनाव आयोग द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत् महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले रहे समस्त प्रशिक्षणार्थियों को विधानसभा चुनाव सम्बन्धी जानकारी दिये जाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन कर 'मेरा वोट मेरे लिए' के विषय में जानकारी देकर प्रत्येक नागरिक को मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालकर जागरुक किया जाये।

(3) महाविद्यालय परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये, जिसका कार्यभार क्रीड़ा अधिकारी श्री ओमप्रकाश राम को प्राचार्य द्वारा सौंपा गया एवं आदेश दिया गया कि कुश्ती प्रति-योगिता संबंधी समस्त तैयारी आरंभ कर ली जाये।

(4) महाविद्यालय में एक दिवसीय श्रमदान शिविर का आयोजन कर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय की साफ सफाई करवाने का दायित्व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती योगिता नवीन को दिया गया।

(5) युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं समस्त विश्व को अध्यात्म एवं ज्ञान का संदेश देने वाले महान युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती 'युवा दिवस' 12 जनवरी को मनायी जाये। जिसके लिए प्रकोष्ठ के सदस्यों ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन दर्शन से मिलने वाली प्रेरणा पर वक्तव्य रखने का सुझाव दिया, जिसे सभी ने सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की।

(6) महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (International Conference) का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए विषय के चयन हेतु प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये तथा विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से "Multidisciplinary Research on Public Health, Education, Technologies & Society" विषय का चयन किया गया। उप-विषयों के चयन हेतु सभी सदस्यों से पुनः सुझाव मांगे गये। आगे की कार्यवाही हेतु डॉ. रजत जैन को —

(7) महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों में धार्मिक बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देने हेतु प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में गरबा का आयोजन किया जाये। गरबा में महाविद्यालय के अन्य विभागों को भी शामिल कर अन्तर्विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन

किया जाए, जिसमें उत्तम वेशभूषा व प्रस्तुतीकरण के साथ उत्तम एकल व समूह नृत्य के आधार पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

समापन की घोषणा अध्यक्ष द्वारा की गयी।

समन्वयक
राखी शर्मा
सहायक प्राध्यापक,
अपोलो महाविद्यालय
IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG
डॉ० सिद्धार्थ जैन

IQAC

## बैठक क्रमांक (11)

अपोलो महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में 15 जनवरी 2019 मंगलवार को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्न सदस्यों की उपस्थिति रही। -

| क्र. | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० सिद्धार्थ जैन | प्राचार्य<br>अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०) | [signature] |
| 2. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्प्लायर<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 4. | श्रीमती बी० पॉल | प्राचार्य<br>शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, थनौद, दुर्ग (छ.ग.) | [signature] Principal L.L. Sharma Govt. Thanaud, Dist-Durg |
| 5. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो महाविद्यालय | Nidhi 15.01.19 |
| 6. | डॉ० रजत जैन | अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 7. | श्रीमती शीतल वर्मा | सहायक प्राध्यापक<br>अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| | श्रीमती संगीता श्रीवास्तव | एम० एड० शोधार्थी | [signature] |

| | | |
|---|---|---|
| 9. निकिता सरदार | बी०एड० प्रशिक्षणार्थी अपोलो महाविद्यालय | Sardar |
| 10. शुभम | डी०एल०एड० प्रशिक्षणार्थी अपोलो महाविद्यालय | Shubham |
| 11. श्री सतीश कुमार कसार | प्रशासनिक अधिकारी अपोलो महाविद्यालय | [signature] |
| 12. संजय वैष्णव | एलुमनी | [signature] |
| 13. रश्मी शर्मा | सहायक प्राध्यापक अपोलो महाविद्यालय | Rashmi 15/01/19 |

बैठक में चर्चाउपरान्त निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लिये गये। —

(1) अध्यक्ष द्वारा पिछली बैठक में प्रस्तावित कार्यसूची की पूर्णता की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

(2) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत दिनांक 17.01.2019 से 23.01.2019 तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम चंगोरी में आयोजित किया जाये। शिविर की रूपरेखा एवं सात दिनों तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की अनुसूची राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती योगिता नशीने को तैयार करने का आदेश प्राचार्य द्वारा दिया गया।

(3) अप्रैल माह में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, जिसका विषय "Multidisci-plinary Research On Public Health, Education Technologies & society" चयनित किया गया है, जिसे साउथ एशिया मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के साथ मिलकर आयोजित किया जायेगा।

सम्मेलन हेतु कम से कम 5 स्रोत व्यक्ति विदेश के और 5 भारत के आमंत्रित किये जायें। सम्मेलन सम्बन्धित समस्त कार्यों की रूपरेखा तैयार कर महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकगणों को कार्य वितरित किये जाने हेतु संचालक महोदय द्वारा प्राचार्य से कहा गया। साथ ही सम्मेलन के प्रचार-प्रसार सम्बन्धित चर्चा भी की गयी।

(4) प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अपोलो महाविद्यालय में अन्य महाविद्यालयों के साथ आपसी मेल-जोल तथा सौहार्द्रता बढ़ाने हेतु सद्भावना का आयोजन किया जाए। सभी सदस्यों ने प्रतियोगिताओं के चयन हेतु अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये तथा सर्वसम्मति से रंगोली, मेंहदी, पाक कला, फुगड़ी, कैरम, शतरंज, तत्कालिक भाषण, प्रश्न मंच, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं साड़ी वियरिंग प्रतियोगिताओं के आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया।

(5) प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित कर महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के उत्तरोत्तर प्रगति की जानकारी पालकों को दी जाए, इसके साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं के विषय में भी चर्चा की जाए।

(6) महाविद्यालय के एलुमनी संघ के सदस्यों द्वारा आस-पास के गाँव की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपचारात्मक कक्षाएं आयोजित कराए किये जाने का सुझाव एलुमनी सदस्य द्वारा दिया गया, जिसे ध्वनिमत से सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की।

(7) बी०एड० और डी० एल० एड० के प्रशिक्षणार्थियों के पाठ्यक्रम में विषय विशेष सम्बंधित समस्याओं के समाधान हेतु विषय-विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाये।

IQAC

(8) वार्षिक शोध पत्रिका 'अपोलो जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च' Vol 3 June 2019 के प्रकाशन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिसके लिए प्राचार्य द्वारा सभी प्राध्यापकों के लिए आदेश जारी किया गया कि सभी गुणवत्तायुक्त शोध पत्र आमंत्रित कर (शोध पत्रिका में प्रकाशन हेतु) कार्यवाही आरंभ कर देवें।

(9.) महाविद्यालय में 'क्लिट्ज 2019' वार्षिक उत्सव का आयोजन फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में किया जाए, जिसमें मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू जी तथा टी.एस. सिंहदेव जी को आमंत्रित किये जाने के निर्णय को सभी सदस्यों ने सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की। सभी सदस्यों ने वार्षिक उत्सव के संबंध में अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये एवं चर्चा के बाद रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग, फेस पेंटिंग, पुष्प सज्जा, प्रश्न मंच और खेल-कूद में क्रिकेट, वॉलीबॉल, दौड़, खो-खो, कबड्डी, रस्साखींच आदि प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही वार्षिक उत्सव के अन्तिम दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

(10.) महाविद्यालय में 'हमर दुआर हमर रखवार' के तहत सुरक्षा संस्कार यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर अपोलो महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं समस्त कर्मचारियों को यातायात सम्बन्धी नियमों की जानकारी दिये जाने हेतु ए.एस.पी. माननीय प्रज्ञा मेश्राम जी एवं उनके साथियों को आमंत्रित किया जाए।

(11.) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की महत्ता को समझते हुए सदस्यों द्वारा पुनः चर्चा की गयी, अपोलो महाविद्यालय एवं दुर्ग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अप्रैल माह में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए "Interdisciplinary Research On Advancement of Life Research Modern Education and Medicinal Life" विषय का चयन किया गया तथा सभी सदस्यों से स्रोत व्यक्तियों के नाम हेतु सुझाव मांगे गये, दिये गये सुझाव

नाइजीरिया से मूसा सुआइबु, भूटान से सोनम जंगमो तथा फरीदाबाद से सुषमा रानी शिक्षा विशेषज्ञों को आमंत्रित किये जाने को समस्त सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके साथ ही चयनित विषय के उप-विषयों के लिए सुझाव मांगे गये। अध्यक्ष द्वारा सम्मेलन की तैयारी का आदेश देते हुए समस्त प्राध्यापकगणों को कार्य-विभाजन कर दायित्व सौंपा गया। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विषय में पुनः चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से कुछ परिवर्तन लिये गये निर्णय में किये गये जो कि उपर्युक्त लिखित है।

(12) महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु वृत्ति निर्देशन एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाये; जिसके लिए श्री सुशील सिंह जी को आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया।

(13) अपोलो परिवार के सदस्यों हेतु महाविद्यालय परिसर में "आर्ट ऑफ लिविंग" की कक्षाएं लगायी जाएं, जिसके लिए श्री अशोक शर्मा जी को आमंत्रित किया जाए।

(14) राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत यूनिसेफ, दिल्ली द्वारा बाल मेला का आयोजन किया जाए, जिसके लिए शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी का चयन किया गया है तथा अंजोरा, दुर्ग और अंजोरा राजनांदगांव व पनोंद गांव में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए एवं बाल अधिकार के विषय में जानकारी दी जाए।

समन्वयक
रश्मि शर्मा
सहायक प्राध्यापक
अपोलो महाविद्यालय
IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG

डॉ० सिद्धार्थ जैन

'बैठक समाप्त'

# APOLLO COLLEGE , ANJORA ,DURG (C.G.)

## INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC)

## Action Taken Report 2018-19

## From 8th May 2018 to 15th January 2019

**Action Taken Report:**

1. World Environment Day was organized on 5th June 2018. Mr. Tamradhwaj Sahu was invited as a Chief Guest.
2. Guest lecture was organized on 28th May 2018 on the topic of "Research Methodology" by Mrs. Namrata Buldev, Asst. Prof., Shri Ram College of Education, Rajnandgaon.
3. Guest Lecture was organized on 19th June 2018 on the topic of "Research Methodology" by Dr. P.K. Shriwastava, Farmer Principal of Army Institute of Higher Education, Pathankot, Punjab.
4. International Yog day was celebrated on 21st June 2018 for betterment of Teaching & Non-Teaching Staff of Apollo College.
5. Placement camp was organized at the college campus for M.Ed. and B.Ed. 4th Semester Student teachers & Alumni on 23 June 2018.
6. Under the "Cleanliness campaign" cleanliness awareness rally & Plantation programme was organized at village Anjora on 20th July 2018.
7. Under Jansunwai Foundation, Yuva Panchayat was Organized "Drug free Programme" on 21st July 2018, invited C.S.P. Mr. Bhojram Patel, Gynecologist Dr. Mansi Gulati, Justice Ms. Smita Ratnawali & Mr. Sanjay Mishra.
8. On 21st July 2018 Eye Check up Camp was organized Dr. Amit Jagyasi (MBBS, DOMS) was invited as a Eye specialist.
9. Through Plantation programme on 4th September 2018 newly admitted student teachers were welcomed.
10. Under the Cleanliness fortnight various awareness programmes and activities like were successfully executed by NSS.
11. SWEEP Programme was conducted by Election committee Durg on 11th October to 25th October 2018 on the topic "My vote for me".
12. Inter college Wrestling competition organized on 24th October 2018 in college campus.
13. Youth Day was celebrated on 12th January 2019 in college campus.
14. Inter Departmental Garba competition was organized to promote the religious brotherhood in student teacher.
15. Seven days special camp was organized on 17th January to 23rd January 2019 in village Changori.
16. Two Days International Conference was organized 9th & 10th April 2019 on the theme of "Multidisciplinary Research on Public Health, Education technologies & Societies."
17. "Sadbhavna" inter college competition was organized on 28th Feb to 1st March 2019.
18. Parent Teacher Association (P.T.A.) meet was organized on 3rd march 2019

19. Through Alumni Association remedial class was organized for nearby village's schools.
20. Annual Research Journals "Apollo Journals of Education Research" was published on 3rd June 2019.
21. Blitz-2019 Annual Function was organized on the first week of February. Cabinet Minister Mr.Tamradhwaj Sahu & Mr. T.S. Sinhdev was invited as a Chief Guest.
22. Under "Hamar Dular Hamar Rakhwar" programe safety traffic awareness programme was organized at the college campus. ASP Ms. Pragya Mehsram and Team was invited for this programme.
23. The collaboration of Apollo College & District Education & training institute Durg was organized two days international conference on "Inter disciplinary Research on Advancement of life Research Modern Education and Medicinal life. Musa Shuaibu from Nigeria, Sonam Zangmo from Bhutan and Sushma Rani from Faridabad was invited as a resource person from foreign.
24. Guest lecture on "Guidance & Personality Development" was organized on 16th Feb 2019 Mr. Sushil Singh was as a resource person.
25. Art of living class was organized at college campus. Mr. Ashok Sharma was invited as a resource person.
26. Value added course on M.S Word, Excel, Power Point & Page Maker was organized on 1st Dec. to 30 Dec 2018 along with "Yoga & Meditation" was organized on 5th Oct. to 5th Nov. 2018, "Art & Craft" was organized on 1st Aug. to 30 Aug. 2018.
27. Academic calendar & planned Activities were executed in this session.

IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG